# आईटीआई की झांकी ने पाया पहला स्थान



आईटीआई स्टाफ को सम्मानित करते एसडीएम जसपाल सिंह गिल। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**साढौरा।** बिलासपुर में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत आईटीआई की झांकी को पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने आईटीआई के प्रिंसिपल अश्विनी शर्मा व स्टाफ को पुरस्कृत किया। वहीं आईटीआई में पेंटर विभाग के अनुदेशक कुलविंद्र सिंह को उनकी कर्तव्यनिष्ठा व काम के प्रति लग्न के लिए सम्मानित किया गया।

अश्वनी शर्मा ने बताया कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत राजकीय आईटीआई के विद्यार्थियों की ओर से व्यवसायों से संबंधित एक सुंदर झांकी प्रस्तुत की।

# आईटीआई की झांकी ने रही प्रथम



साढौरा (जगमार्ग न्यूज)। बिलासपुर में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत आईटीआई की झांकी को पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने आईटीआई के प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा व स्टाफ को पुरस्कृत किया। वहीं आईटीआई के पेंटर विभाग के अनुदेशक कुलविन्द्र सिंह को उनकी कर्तव्यनिष्ठा व काम के प्रति लगन के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सतीश, अरविंद, प्रदीप, मलकीत, जोनी, रतन सिंह, दिनेश, रविन्द्र, जयदेव, अनिल शर्मा व अमित भी मौजूद रहे।

# आईटीआई की झांकी ने पाया पहला स्थान

साढौरा (कुलदीप हर्ष) । बिलासपुर में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत आईटीआई की झांकी को पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने आईटीआई के प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा व स्टाफ को पुरस्कृत किया। वहीं आईटीआई के पेंटर विभाग के अनुदेशक कुलविन्द्र सिंह को उनकी कर्तव्यनिष्ठा व काम के प्रति लगन के लिए सम्मानित किया गया। अश्वनी शर्मा ने बताया कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत राजकीय आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा व्यवसायों से संबंधित एक सुन्दर झांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान सतीश, अरविंद, प्रदीप, मलकीत, जोनी, रतन सिंह, दिनेश, रविन्द्र, जयदेव, अनिल शर्मा व अमित भी मौजूद रहे।




# R-Day celebration held at Govt Model Sanskriti school



**PREEI SAINI**

**SADHAURA:** Republic Day celebrations were organised at Government Model Sanskriti Senior Secondary School, Vyaspur in which SDM Jaspal Gill, Sub Divisional Officer, was present as the chief guest. On this auspicious occasion of Republic Day, various departments at the sub-division level presented tableaux related to their respective departments. In the same series, the students of Government ITI, Sadhaura, under the Department of Youth Empowerment and Entrepreneurship, also presented a beautiful tableau related to their department and businesses. Government ITI, Sadhaura got the first place among all the tableaux at the sub-division level and the chief guest present on the occasion of Republic Day honoured the Principal of the institute, Ashwani Kumar and the staff members by giving them the first prize trophy. On this achievement, the Principal of the institute, Ashwani Sharma congratulated all the staff members and students! He said it is a matter of pride for us that Government ITI, Sadhaura has got the first place in the tableau competition for the third time in a row!

दैनिक भास्कर
यमुनानगर भास्कर 26-03-2025

# आईटीआई में एड्स जागरूकता पर हुआ प्रोग्राम



साढौरा। मंगलवार को सिविल सर्जन के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत जागरूकता प्रोग्राम किया गया, जिसमें छात्र व छात्राओं को बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए सिविल अस्पताल से एनएसीपी काउंसलर शालिका शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने एड्स के फैलने के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में बताया। विद्यार्थियों को एड्स के संबंध में कारण व बचाव के लिए जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहंदी में सोनिया प्रथम, कार्ड मेकिंग में मनीषा देवी प्रथम, स्लोगन राइटिंग में आरती देवी प्रथम तथा पोस्टर मेकिंग में अंकित प्रथम रहा। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, काउंसलर शालिका शर्मा तथा वर्ग अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार द्वारा विजेता विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। इस दौरान रविन्द्र कुमार, बिक्रम सिंह, गुरदेव सिंह, रानी देवी, शैली शर्मा व शशी बाला उपस्थित रही।

# AIDS awareness programme held in Govt ITI



**PRITI SAINI**

**SADHAURA:** As per the instructions of Civil Surgeon, Yamuna Nagar, AIDS awareness programme was organised in Government ITI Sadhaura under Red Ribbon Club like every year. Under this programme, NACP Counselor Shalika Sharma was present from Civil Hospital to make students aware of the disease. She informed the students about the causes, symptoms and prevention of AIDS. Principal Ashwani Kumar said that the youth is getting involved in drugs and wrong activities and requested them to avoid them and wished them a bright future. The stage was conducted by Kulvinder Singh. Various competitions were organised to make the students aware about the causes and prevention of AIDS, in which Sonia came first in Mehndi, Manisha Devi came first in Card Making, Aarti Devi came first in Slogan Writing and Ankit stood first in Poster Making. Principal Ashwani Kumar, counselor Shalika Sharma and class instructor Surendra Kumar felicitated the winners by distributing prizes. Ravindra Kumar, Bikram Singh, Gurdev Singh, Rani Devi, Shaili Sharma and Shashi Bala were present.

5 Vo)) LTE1

यमुनानगर केसरी 26 (1)
PDF reader

# एड्स के लक्षण, फैलने व बचाव के बारे में विद्यार्थियों को करवाया अवगत : शालिका

व्यासपुर, 25 मार्च (चहल): सिविल सर्जन, यमुनानगर के निर्देशानुसार राजकीय आई.टी.आई. सढौरा में रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत हर वर्ष की भांति एड्स जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्र, छात्राओं को बीमारी के प्रति जागरूक करने हेतु सिविल अस्पताल से एन.ए.सी.पी. काऊंसलर शालिका शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने एड्स के फैलने के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में छात्र, छात्राओं को अवगत करवाया।

इस दौरान प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि युवा वर्ग नशे व गलत गतिविधियों में शामिल हो रहा है और उनको इनसे बचने का अनुरोध करते हुए एक उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्टेज का संचालन कुलविंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमें मेंहदी में सोनिया प्रथम, कार्ड मैकिंग में मनीषा देवी प्रथम, स्लोगन राइटिंग में आरती देवी प्रथम तथा पोस्टर मैकिंग में अंकित प्रथम रहा। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, काऊंसलर शालिका शर्मा तथा वर्ग अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार द्वारा विजेता छात्र, छात्राओं को पुरुस्कार-वितरित करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान रविन्द्र कुमार, बिक्रम सिंह, गुरदेव सिंह, रानी देवी, शैली शर्मा व शशि बाला उपस्थित रही

# मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम




विजेता छात्रा को सम्मानित करता स्टाफ व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** आईटीआई के रेड रिबन कल्ब की एचआईवी एड्स बचाव मेंहदी प्रतियोगिता में ड्रैस मेकिंग व्यवसाय की सोनिया प्रथम रही। जबकि कार्ड मेकिंग में ड्रैस मेकिंग व्यवसाय की मनीषा देवी ने पहला स्थान पाया। इसी तरह नारा लेखन में कोपा-ए व्यवसाय की आरती देवी ने प्रथम व पोस्टर मेकिंग में डीएमएम व्यवसाय का अंकित प्रथम रहा। विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतियोगिताएं करवाई गई। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एनएसीपी काउंसलर शालिका शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी फैलने का कारण, लक्ष्ण व बचाव के बारे जानकारी दी। पेंटर अनुदेशक कुलविंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम करवाया गया।

इस दौरान प्राचार्य अश्वनी शर्मा ने कहा कि एचआईवी का जानकारी ही बचाव है। विद्यार्थियों के साथ सभी लोगों को इसकी जानकारी होना जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम इसके प्रति जागरुकता लाने में काफी कारगर सावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को एड्स की रोकथाम व बचाव के बारे में जानकारी मिल रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस बारे में जागरुकता अभियान चलाने को प्रेरित किया।

वर्ग अनुदेशक सुरेंद्र कुमार ने विजेताओं विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सतीश कुमार, रविंद्र कुमार, विक्रम सिंह, गुरदेव सिंह, रानी देवी आदि मौजूद रहे।

# ITI students visit Amrit Udyan at Rashtrapati Bhavan

**PRITI SAINI**
**SADHAURA, MARCH 31 –**



A group of students from Government ITI, Sadhaura, visited the Amrit Udyan at Rashtrapati Bhavan as part of an educational tour organized under the directives of the Directorate of Skill Development and Industrial Training Department, Haryana, Panchkula. The visit took place on Sunday, coinciding with the annual winter edition of Amrit Udyan, which was open to the public from February 2 to March 30.

This year's exhibition showcased the rich cultural heritage and unique traditions of South India. Along with exploring the beautifully curated gardens, students also toured the Rashtrapati Bhavan Museum. They described the experience as highly informative and inspiring, noting that it was the first time such an excursion had been organized by their institute.

Principal Ashwani Kumar praised the initiative, emphasizing that such educational tours not only enhance students' knowledge but also instill a sense of patriotism.

The institute arranged for transportation, refreshments, and ticket availability to ensure a smooth experience.

यमुनानगर भास्कर 01-04-2025

# सरकारी आईटीआई के छात्रों ने किया राष्ट्रपति भवन का दौरा



**साढौरा** | अमृत उद्यान शीतकालीन वार्षिक संस्करण 2025 का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति भवन परिसर 2 फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खोला गया। इस कड़ी में निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा, पंचकूला के निर्देश अनुसार रविवार को राजकीय आईटीआई, साढौरा के छात्र-छात्राओं हेतु राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान में शैक्षणिक दौरा करवाया गया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यह दौरा बहुत ज्ञानवर्धक व उत्साहवर्धक रहा। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व देशभक्ति की भावना जागृत होती है। दौरे के दौरान संस्थान के कर्मचारी सुरेन्द्र कुमार, जतिन कपूर, शैली शर्मा तथा शशी बाला मौजूद रहे।

# आई.टी.आई. सढौरा के छात्रों को राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान में शैक्षणिक दौरा करवाया



आई.टी.आई सढौरा के छात्र नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के भ्रमण के दौरान अनेक जानकारियां प्राप्त करते हुए। (चहल)

व्यासपुर, 31 मार्च (चहल): अमृत उद्यान शीतकालीन वार्षिक संस्करण 2025 का आयोजन राष्ट्रपति भवन परिसर में दिनांक 2 फरवरी से लेकर 30 मार्च तक आम जनता के लिए खोला गया।

इस श्रृंखला में निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा, पंचकूला से प्राप्त निर्देशों की पालना में दिनांक 30.3.2025 को राजकीय आई. टी. आई., सढौरा के छात्र-छात्राओं हेतु राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान में शैक्षणिक दौरा करवाया गया। इस वर्ष के महोत्सव में दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनूठी परंपराओं का प्रदर्शन किया गया।

इस शैक्षणिक दौरे में छात्र-छात्राओं ने अमृत उद्यान के साथ-2 राष्ट्रपति भवन संग्रहालय का भी दौरा किया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यह दौरा बहुत ज्ञानवर्धक व उत्साहवर्धक रहा तथा उनके लिए इस प्रकार के दौरे का आयोजन किसी स्कूल या संस्थान द्वारा पहली बार किया गया है।

दैनिक भास्कर यमुनानगर भास्कर 20-04-2025

# साइक्लोथॉन यात्रा पहुंची साढौरा



**साढौरा |** साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 व्यासपुर उपमंडल में दोपहर करीब 2 बजे यात्रा साढौरा बाबा बंदा सिंह बहादुर चौक पर पहुंची। के मिस्ट एसोसिएशन द्वारा सरकारी स्कूल में एक जरूरत मंद छात्र को साइकिल भी भेंट की गई। एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश को नशामुक्त बनाना है। मौके पर डीएसपी हरविंदर सिंह, बीडीपीओ कार्तिक चौहान मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर यमुनानगर भास्कर 25-04-2025

# साढौरा में पंचायती राज एक्ट दिवस पर हुआ कार्यक्रम

साढौरा | वीरवार को निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा, पंचकूला के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सतीश कुमार, वर्ग अनुदेशक द्वारा की गई और बताया कि हमारे देश में पंचायती राज एक्ट 24 अप्रैल 1993 में लागू किया गया। यह 73वां संविधान संशोधन अधिनियम था, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया। शैली शर्मा ने बताया कि भारत देश में पंचायती राज व्यवस्था ग्राम, ब्लाक एवं जिला तीन स्तर पर कार्य कर रही है। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में पंचायती राज एक्ट 22 अप्रैल 1994 से लागू किया गया है। कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, गुरदेव, मनीष कुमार, जयदेव, जोनी, विकास कुमार, हेमंत श्रीवास्तव, गौरव सैनी, रविन्द्र कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 15-05-2025

राजकीय आईटीआई, साढौरा में खाद्य सुरक्षा और मिलावट जागरूकता विषय पर सेमीनार

# खाद्य सुरक्षा और मिलावट पर किया आगाह

भास्कर न्यूज़ | साढौरा

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा, पंचकूला के तत्वाधान में बुधवार को राजकीय आईटीआई, साढौरा में खाद्य सुरक्षा और मिलावट जागरूकता विषय पर सेमीनार किया गया। सर्वप्रथम संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार द्वारा इस सेमीनार हेतु आहार एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित सचिन शर्मा का स्वागत किया। इस सेमिनार के दौरान विशेषज्ञ द्वारा संस्थान के तथा साढौरा ब्लॉक के युवाओं को खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य मिलावट से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यह भी बताया गया कि किन



कार्यक्रम के दौरान की तस्वीर

खाद्य पदार्थों का सेवन हमें अपने जीवन में स्वस्थ रहने के लिए करना चाहिए तथा साथ ही खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट से किस प्रकार बचना चाहिए ताकि हम सब जागरूक रहकर इस भाग दौड़ भरी जिन्दगी में स्वस्थ जीवन जी सके।

इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सतीश कुमार, वर्ग अनुदेशक एवं कनिष्ठ युवा संयोजक अधिकारी रहे जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार द्वारा सेमिनार के मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आभार प्रकट किया। इस सेमिनार के दौरान संस्थान के वर्ग अनुदेशक सुरेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, व अरविन्द कुमार तथा अनुदेशक रानी देवी, बिक्रम सिंह, कुलविन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, विनय कुमार, जयदेव, जोनी, इरफान, निर्मल, रविन्द्र व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा और मिलावट पर आईटीआई में सेमिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

साढौरा। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा, पंचकूला के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई में खाद्य सुरक्षा और मिलावट जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने आहार एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ के तौर पर आमंत्रित श्री सचिन शर्मा का स्वागत किया। इस सेमिनार के दौरान विशेषज्ञ द्वारा संस्थान तथा साढौरा ब्लॉक के युवाओं को खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य मिलावट से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार युवाओं को

## युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग की ओर से हुआ आयोजन

जागरूक करने के लिए तथा प्रेरित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इसका लाभ सीधे तौर पर युवाओं को मिल रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस संस्थान में साढौरा ब्लॉक के युवाओं के नैतिक उत्थान के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी चलाए जाते रहेंगे।

इस सेमिनार के दौरान सुरेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार, रानी देवी, बिक्रम सिंह, कुलविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, विनय कुमार व जयदीप भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार जरूरी, मिलावट से बचें



युवाओं को स्वास्थ्य व पौष्टिक आहार के बारे किया गया जागरूक। • जागरण

संस. जागरण • साढौरा: राज्य युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के तत्वाधान में बुधवार को राजकीय आइटीआइ में जागरूकता सेमिनार हुआ। जिसमें खाद्य सुरक्षा और मिलावट से बचने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने आहार एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ सचिन शर्मा का स्वागत किया। सचिन शर्मा ने स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य स्वस्थ के बारे लापरवाह हो जाता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का वास होता है। जंक फूड तथा नशे से दूर रहने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वर्ग अनुदेशक एवं कनिष्ठ युवा संयोजक अधिकारी सतीश कुमार थे। उन्होंने भी युवाओं को स्वास्थ्य के बारे जागरूक किया। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार युवाओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है।

# Campus interview organised by Government ITI Sadhaura

**PRITI SAINI**
**SADHAURA, MAY 30**

Campus interview was organised by Government ITI Sadhaura, District Yamuna Nagar under the aegis of Directorate of Skill Development and Industrial Training Department, Haryana, Panchkula for apprenticeship and pre-placement offers for pass outs and final year students of trades such as Electrician, Turner, Fitter, Welder, Machinist, Mechanic Motor Vehicle, Painter, DMM, Wireman, Plumber, COPA, Carpenter, CNC Machining Technician etc. in which various MNCs and other national level companies such as M/s Swaraj Engines Ltd. Mohali, M/s Eszek Ltd. Yamuna Nagar, M/s Elena Auto Industries Pvt. Ltd. Mohali, M/s Chandrapur Works Pvt. Ltd. Yamuna Nagar, M/s Trio India Banur (Punjab), M/s Wonder Product Kala Amb, M/s Unique Energos Pvt. Ltd. Yamuna Nagar and M/s Randstad, Ballabhgarh etc. participated.

During this campus interview at the institute, teams of technical and HR managers of the above-mentioned reputed industrial establishments interviewed the students according to their respective professions and shortlisted them for selection on the spot as per the requirement of their respective companies. This job fair organised at the institute was inaugurated by the Chairman of District Council Yamunanagar, Ramesh Chand Thaska and he gave advance best wishes to all the students present for the interview, encouraging them about the government's apprenticeship scheme and their industrial future in various companies. About 400 students of various professions of this institute participated in this campus interview organized by this institute, in which about 250 students were shortlisted by the companies for apprenticeship and pre-placement offers.

On this occasion, the Principal of the Institute, Ashwani Kumar welcomed the Chief Guest and the representatives of various companies with a flower bouquet on their arrival at the Institute and guided them by wishing them good luck for the bright future of the students. He said that such job fairs will be organized by the Institute from time to time and the main objective of these job fairs is to prepare a better future for all unemployed youth by providing them jobs in various companies after providing them skill education. At the end of the programme, Principal of the Institute thanked the Chief Guest and also thanked the representatives of various companies present for the interview .

# तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में बहुत मददगार : रमेश चंद

कुलदीप हर्ष

**साढौरा।** तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में बहुत मददगार होती है। यह शिक्षा लोगों को विशिष्ट क्षेत्रों में कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, जिससे उन्हें निर्माण, उत्पादन, आईटी, और स्वास्थ्य सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में नौकरी के अच्छे अवसर मिलते हैं। साथ ही तकनीकी शिक्षा पाने के बाद युवा अपना खुद का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं।

जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने राजकीय आईटीआई में आयोजित कैंपस साक्षात्कार के दौरान युवाओं को प्रेरित करते हुए यह बात कही। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेन्टर, डीएम0एम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेन्टर, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन इत्यादि व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर हेतू कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस कैम्पस साक्षात्कार के दौरान प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के तकनीकी व एचआर प्रबंधकों ने अपने व्यवसायों अनुसार छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार करते हुए 250 विद्यार्थियों को शोर्टलिस्ट किया। अश्वनी कुमार ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन संस्थान द्वारा समय-समय पर आगे भी करवाया जाता रहेगा और इन रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य सभी बेरोजगार युवाओं को कौशल शिक्षा प्रदान करने उपरान्त उन्हें विभिन्न कम्पनियों में जॉब प्रदान करते हुए उनके बेहतर भविष्य तैयार करना है। इस कैम्पस साक्षात्कार को सफल बनाने में विक्रम सैनी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान रविन्द्र कुमार व सतीश कुमार भी मौजूद रहे।



आईटीआई के कैंपस साक्षात्कार में मौजूद रमेश चंद ठसका।

# आईटीआई कैंपस साक्षात्कार में 250 विद्यार्थी हुए शॉर्टलिस्ट

**कुलदीप हर्ष**




**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)।** तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में बहुत मददगार होती है। यह शिक्षा लोगों को विशिष्ट क्षेत्रों में कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, जिससे उन्हें निर्माण, उत्पादन, आईटी, और स्वास्थ्य सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में नौकरी के अच्छे अवसर मिलते हैं। साथ ही तकनीकी शिक्षा पाने के बाद युवा अपना खुद का व्यवसाय भी शुरु कर सकते हैं। जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने राजकीय आईटीआई में आयोजित कैंपस साक्षात्कार के दौरान युवाओं को प्रेरित करते हुए यह बात कही। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेन्टर, डीएम0एम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेन्टर, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन इत्यादि व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर हेतू कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस कैम्पस साक्षात्कार के दौरान प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के तकनीकी व एचआर प्रबंधकों ने अपने व्यवसायों अनुसार छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार करते हुए 250 विद्यार्थियों को शोर्टलिस्ट किया। अश्वनी कुमार ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन संस्थान द्वारा समय-समय पर आगे भी करवाया जाता रहेगा और इन रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य सभी बेरोजगार युवाओं को कौशल शिक्षा प्रदान करने उपरान्त उन्हें

# तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में मददगार

- रोजगार मेलों का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाना
- 250 विद्यार्थी आइटीआइ में हुए साक्षात्कार में हुए शार्ट लिस्ट

**संवाद सहयोगी. जागरण • साढौरा:** तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में बहुत मददगार होती है। यह शिक्षा लोगों को विशिष्ट क्षेत्रों में कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, जिससे उन्हें निर्माण, उत्पादन, आइटी, और स्वास्थ्य सेवा सहित अनेक क्षेत्रों में नौकरी के अच्छे अवसर मिलते हैं। साथ ही तकनीकी शिक्षा पाने के बाद युवा अपना खुद का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं।

जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने राजकीय आइटीआइ में आयोजित कैंपस साक्षात्कार के दौरान युवाओं को प्रेरित करते हुए उक्त बात कही। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेन्टर, डीएमएम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेंटर, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन इत्यादि व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रैन्टिशिप व प्री-प्लेसमेंट आफर हेतू कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस कैंपस साक्षात्कार के दौरान प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के तकनीकी व एचआर प्रबंधकों ने अपने व्यवसायों अनुसार छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार करते हुए 250 विद्यार्थियों को शार्टलिस्ट किया। अश्वनी कुमार ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन संस्थान द्वारा समय-समय पर आगे भी करवाया जाता रहेगा और इन रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य सभी बेरोजगार युवाओं को कौशल शिक्षा प्रदान करने उपरान्त उन्हें विभिन्न कम्पनियों में जॉब प्रदान करते हुए उनके बेहतर भविष्य तैयार करना है। इस दौरान विक्रम सैनी, रविन्द्र कुमार, सतीश कुमार मौजूद रहे।



आइटीआइ में कैंपस साक्षात्कार में मौजूद रमेश चंद ठसका, छात्र व शिक्षक • जागरण

# रोजगार के लिए 250 विद्यार्थियों का चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** राजकीय आईटीआई में बुधवार को कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान 250 विद्यार्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि तकनीकी शिक्षा रोजगार दिलाने में मददगार होती है। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेंटर, डीएमएम, वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेंटर, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन इत्यादि व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रेंटिसशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कैंपस साक्षात्कार के दौरानएचआर प्रबंधकों ने अपने व्यवसायों अनुसार 250 छात्र-छात्राओं का चयन किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि, कंपनियों के पदाधिकारी विद्यार्थी। संवाद

# आई.टी.आई. साढ़ौरा में छात्राओं के लिए अप्रैंटिशिप व प्री-प्लेसमैंट ऑफर हेतु कैंपस साक्षात्कार का आयोजन



*कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते व उपस्थित छात्र। (चहल)*

व्यासपुर, 28 मई (चहल): निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा, पंचकूला के तत्वाधान में राजकीय आई.टी.आई. साढ़ौरा के द्वारा विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर वेहिक्ल, पेंटर, डी.एम.एम., वायरमैन, प्लम्बर, कोपा, कारपेंटर, सी.एन.सी. मशीनिंग तकनीशियन इत्यादि व्यवसायों के पास आऊट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रैंटिशिप व प्री-प्लेसमैंट ऑफर हेतू कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न एम.एन.सी. व अन्य राष्ट्रीय स्तर की कंपनीयों जैसे कि मैसर्ज स्वराज ईंजन लि. मोहाली, मैसर्ज ईस्जेक लि. यमुनानगर, मैसर्ज एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मोहाली, मैसर्ज चन्द्रपुर वक्र्स प्रा. लि. यमुनानगर, मैसर्ज ट्रीओ इंडिया बनुर (पंजाब), मैसर्ज वंडर प्रोडक्ट कालाआम्ब, मैसर्ज यूनिक एनरगोज प्रा. लि. यमुनानगर तथा मैसर्ज रैंडस्टैड, बल्लभगढ़ इत्यादि ने भाग लिया।

संस्थान में इस कैंपस साक्षात्कार के दौरान उपरोक्त प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के तकनीकी व एच.आर. मैनेजर्स की टीमों ने अपने-अपने व्यवसायों अनुसार छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया और अपनी-अपनी कंपनी की आवश्यकतानुसार और मौके पर ही उन्हें चयन हेतु शॉर्टलिस्ट किया। संस्थान में आयोजित इस रोजगार मेले का शुभारंभ जिला परिषद यमुनानगर के चैयरमेन रमेश चंद ठसका द्वारा किया गया और साक्षात्कार हेतू उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सरकार की अप्रैंटिशिप स्कीम तथा विभिन्न कंपनियों में उनके औद्योगिक भविष्य के बारे में प्रोत्साहित करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार द्वारा मुख्यातिथि तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों का संस्थान में पहुंचने पर उनका पुष्पगुछ सहित स्वागत किया गया तथा छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

इस कैंपस साक्षात्कार को सफल बनाने में बिक्रम सैनी, कार्यवाहक जे.ए.पी.ओ. का विशेष योगदान रहा। इस कैंपस साक्षात्कार के दौरान संस्थान के वर्ग अनुदेशक रविन्द्र कुमार वर्ग अनुदेशक, सतीश कुमार तथा संस्थान के अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

दैनिक भास्कर **यमुनानगर भास्कर** 29-05-2025

# राजकीय आईटीआई में हुआ कैम्पस साक्षात्कार



कार्यक्रम के दौरान तस्वीर

**साढ़ौरा** | निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय आईटीआई द्वारा विद्युतकार, टर्नर, फिटर, वैल्डर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर, डीएमएम, वायरमैन, प्लंबर, कोपा, कारपेंटर, सीएनसी, मशीनिंग, तकनीशियन व्यवसायों के पासआउट तथा फाइनल वर्ष में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए अप्रेंटिसशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर के लिए कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न एमएनसी व अन्य राष्ट्रीय स्तर दस कंपनियों ने भाग लिया। संस्थान में आयोजित इस रोजगार मेले का शुभारंभ जिला परिषद के चेयरमेन रमेश चंद ठसका द्वारा किया गया। कैम्पस इंटरव्यू में संस्थान के विभिन्न व्यवसायों के करीब चार सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कंपनियों के द्वारा लगभग 250 छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिसशिप व प्री-प्लेसमेंट ऑफर के लिये शॉर्टलिस्ट किया। मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

नगर केसरी
www.punjabkesari.in
III

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आई.टी.आई. साढ़ौरा में स्वच्छता अभियान चलाकर किया पौधारोपण

व्यासपुर, 6 जून (चहल): युवा उद्यमिता एवं अधिकारिता विभाग हरियाणा के तत्वाधान में को राजकीय आई.टी.आई. साढ़ौरा, जिला यमुनानगर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें निदेशालय के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रशिक्षणार्थियों व स्टाफ सदस्यों के द्वारा संस्थान में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्रशिक्षणार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतू उनके मध्य लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का पुरूस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन 6 मई को किया गया जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर जसमेर राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्यातिथि तथा संस्थान के प्रधानाचार्य, अश्वनी कुमार द्वारा इस विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर संस्थान में पौधा रोपण किया।


आई टी आई साढ़ौरा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हुए। (चहल)

लेखन प्रतियोगिता में शाक्षी (ड्रैस मेकिंग)-प्रथम, वन्दना (कोपा)-द्वितीय, जसप्रीत व सोनिया (डी.एम.एम. व ड्रैस मेकिंग)-तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में राजदीप कौर (डी.एम.एम.)- प्रथम, करमजीत कौर (ड्रैस मेकिंग)-द्वितीय, कुन्दन (टर्नर)-तृतीय रहे। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में स्वाती (कोपा)- प्रथम, अंकित कुमार (डी.एम.एम.)-द्वितीय, रजनी देवी व हरदीप कौर (ड्रैस मेकिंग व कोपा)-तृतीय रहे।

संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस-2025 की थीम है 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना'।

विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सतीश कुमार, वर्ग अनुदेशक एवं कनिष्ठ युवा संयोजक अधिकारी रहे जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू पूर्ण सहयोग दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वर्ग अनुदेशक रविन्द्र कुमार, अरविन्द्र कुमार तथा अनुदेशक कुलविन्द्र सिंह, गुरदेव सिंह, जतिन कपूर, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, सतीश कुमार, रानी देवी, शैली शर्मा, शशी बाला तथा अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को जलपान सामग्री भी वितरित की गई।

# World Environment Day celebrated at Govt. ITI Sadhaura with focus on plastic pollution

**PREETI SAINI**

**SADHAURA:** Under the aegis of the Department of Youth Entrepreneurship and Empowerment, Haryana, World Environment Day 2025 was celebrated on Saturday at Government ITI, Sadhaura, Yamunanagar. As per the Directorate's guidelines, a cleanliness drive was carried out by all trainees and staff members across the campus. To raise awareness about nature and environmental conservation, the institute organized a series of activities, including essay writing, speech, and poster-making competitions. Around 50 students actively participated in these contests. The prize distribution and closing ceremony were held on Friday, with Jasmer Rana, State Vice-President of BJP Kisan Morcha, attending as the chief guest. The event commenced with a ceremonial lamp lighting in front of Goddess Saraswati by the chief guest and the Principal of the institute, Ashwani Kumar.



# लेखन में साक्षी, पोस्टर मेकिंग में स्वाति अव्वल

## राजकीय आईटीआई में लेखन, भाषण व पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

साढौरा। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आईटीआई में लेखन, भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लेखन प्रतियोगिता में साक्षी (ड्रेस मेकिंग) ने पहला, वंदना (कोपा) ने दूसरा तथा जसप्रीत व सोनिया (डीएमएम व ड्रेस मेकिंग) ने तीसरा स्थान पाया।

भाषण प्रतियोगिता में राजदीप कौर (डीएमएम) ने पहला, करमजीत कौर (ड्रेस मेकिंग) ने दूसरा तथा कुंदन (टर्नर) ने तीसरा स्थान पाया। पोस्टर मेकिंग में स्वाति (कोपा) ने पहला, अंकित कुमार (डीएमएम) ने दूसरा तथा रजनी देवी व हरदीप कौर (ड्रेस मेकिंग व कोपा) ने तीसरा स्थान पाया।

सभी विजेताओं को किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जसमेर राणा ने पुरस्कृत किया। प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने बताया कि प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान में पौधरोपण व स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

इस दौरान सतीश, रविंद्र, प्रदीप धीमान, अरविंद्र कुमार, कुलविंद्र, रानी देवी, शैली शर्मा व शशी बाला भी मौजूद रहीं।




प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि व स्टाफ। संस्थान

# लेखन में साक्षी, भाषण में राजदीप व पोस्टर मेकिंग में स्वाती अव्वल



साढौरा (जगमार्ग न्यूज)। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आईटीआई में लेखन, भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लेखन प्रतियोगिता में साक्षी (ड्रैस मेकिंग)- पे पहला, प्रथम, वंदना (कोपा) ने दूसरा तथा जसप्रीत व सोनिया (डीएमएम व ड्रैस मेकिंग) ने तीसरा स्थान पाया। भाषण प्रतियोगिता में राजदीप कौर (डीएमएम) ने पहला, करमजीत कौर (ड्रैस मेकिंग) ने दूसरा तथा कुन्दन (टर्नर) ने तीसरा स्थान पाया। पोस्टर मेकिंग में स्वाती (कोपा) ने पहला, अंकित कुमार (डीएमएम) ने दूसरा तथा रजनी देवी व हरदीप कौर (ड्रैस मेकिंग व कोपा) ने तीसरा स्थान पाया। सभी विजेताओं को किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जसमेर राणा ने पुरस्कृत किया। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान में पौधरोपण व स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान सतीश, रविन्द्र, प्रदीप धीमान, अरविंद्र कुमार, कुलविन्द्र, रानी देवी, शैली शर्मा व शशी बाला भी मौजूद रही।

# साढौरा की आईटीआई ने प्रदेश में पाया तीसरा स्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग में प्राप्त किए 10 में से 9.4 स्कोर**

**साढौरा।** राजकीय आईटीआई साढौरा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग में 10 में से 9.4 स्कोर प्राप्त करते हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआई में तीसरा स्थान हासिल किया है। ये जानकारी संस्थान की उप प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने दी।



सतनाम कौर।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग के लिए भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय की ओर से कुल 8 मानक निर्धारित किए गए थे। जिसमें संस्थान में गत दो वर्षों का दाखिला प्रतिशता, गत दो वर्षों के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला प्रतिशता, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत दो वर्षों में पास प्रतिशता, गत दो वर्षों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा में परीक्षार्थियों का भाग लेना, गत वर्ष में प्रशिक्षणार्थियों की ओर से प्राप्त अंकों का औसत प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति ड्यूअल सिस्टम ऑफ ट्रैनिंग के अन्तर्गत दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशतता इत्यादि शामिल थे। हालांकि राजकीय आईटीआई साढौरा को वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर की प्रथम फेस की ग्रेडिंग में 42 मानकों के आधार पर 5 में से 3.43 स्कोर प्राप्त हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआई में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।



साढौरा आईटीआई का भवन। आर्काइव

# साढौरा आईटीआई ने प्रदेश में तीसरा स्थान पाया

**जगमार्ग न्यूज**



**साढौरा।** राजकीय आईटीआई सढ़ौरा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतू औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग में 10 में से 9.4 स्कोर प्राप्त करते हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआईज के मध्य तृतीय श्रैणी में स्थान प्राप्त किया है।

संस्थान की उपप्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग हेतू प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा कुल 8 मानक निर्धारित किए गए थे। जिसमें संस्थान में गत दो वर्षो का दाखिला प्रतिशता, गत दो वर्षो के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला प्रतिशता, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत दो वर्षो में पास प्रतिशता, गत दो वर्षो में कम्प्युटर आधारित परीक्षा में परिक्षार्थियों का भाग लेना, गत वष में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राप्त अंको का औसत प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति डयूअल सिस्टम ऑफ ट्रैनिंग के अन्तर्गत दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति एससी/एसटी/दिव्यांग दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता शामिल थे। यह तीसरा मौका है जब राजकीय आईटीआई सढ़ौरा ने सभी मानकों में अंक हासिल करते हुए इतनी बड़ी उपलब्धी हासिल की है।

हालांकि राजकीय आईटीआई सढ़ौरा को वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर की प्रथम फेस की ग्रेडिंग में 42 मानकों के आधार पर 5 में से 3.43 स्कोर प्राप्त हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआईज के मध्य प्रथम स्थान प्राप्त किया था। साथ ही देश भर की सभी राजकीय आईटीआईज के मध्य सातवां स्थान प्राप्त करते हुए देश की टॉप 10 आईटीआईज में दर्जा प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ था।

# साढौरा आईटीआइ ने प्रदेश में पाया तीसरा स्थान

संवाद सहयोगी, जागरण. ● साढौरा : राजकीय आईटीआइ साढ़ौरा को



सतनाम कौर। ● जागरण

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग में 10 में से 9.4 स्कोर प्राप्त करते हुए प्रदेश भर में तृतीय श्रेणी में स्थान बनाया है। संस्थान की उप प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार की ओर से कुल आठ मानक निर्धारित किए थे। इसमें संस्थान में गत दो वर्ष का दाखिला प्रतिशता, दो वर्ष के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला प्रतिशता, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत दो वर्षों में पास प्रतिशता, गत दो वर्षों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा में परिक्षार्थियों का भाग लेना, गत वर्ष में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत प्रतिशता, संस्थान में

● संस्थानों की ग्रेडिंग में प्राप्त किया 10 में से 9.4 का स्कोर

● यह तीसरा मौका, सभी मानकों पर खरा उतरा आईटीआइ



साढौरा आईटीआइ का भवन। ● जागरण

कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति ड्यूअल सिस्टम आफ ट्रेनिंग के अन्तर्गत दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति एससी/एसटी/दिव्यांग दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता शामिल थे। यह तीसरा मौका है जब राजकीय आईटीआइ साढ़ौरा ने सभी मानकों में अंक हासिल करते हुए इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हालांकि राजकीय आईटीआइ साढ़ौरा को वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर की प्रथम फेस की ग्रेडिंग में 42 मानकों के आधार पर 5 में से 3.43 स्कोर प्राप्त हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआईज के मध्य प्रथम स्थान प्राप्त किया था। साथ ही देश भर की सभी राजकीय आइटीआइज के मध्य सातवां स्थान प्राप्त करते हुए देश की टॉप 10 आइटीआइ में दर्जा प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ था।उप प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने इस उपलब्धि के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में 15 व्यवसाय एनसीवीटी, प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार से संबद्ध है। इस संस्थान में प्रतिवर्ष सभी सीटों पर शत प्रतिशत दाखिला होता है। इस संस्थान का पिछले पांच वर्षों का परीक्षा परिणाम औसतन 92.5 प्रतिशत है। पिछले पांच वर्ष का प्लेसमेंट व रोजगार औसतन लगभग 70 प्रतिशत है। संस्थान की इस ग्रेडिंग संबंधी विशेष उपलब्धि व संस्थान की निरंतर सभी प्राप्त उपलब्धियों का श्रेय इस संस्थान के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों को जाता है। जिनकी कड़ी मेहनत ने इस संस्थान की छवि को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है।

# साढौरा आईटीआई ने प्रदेश में तीसरा स्थान पाया

आज समाज नेटवर्क

**साढौरा।** राजकीय आईटीआई सढ़ौरा को शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग में 10 में से 9.4 स्कोर प्राप्त करते हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआईज के मध्य तृतीय श्रैणी में स्थान प्राप्त किया है।

संस्थान की उपप्रधानाचार्या सतनाम कौर ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग हेतू प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार द्वारा कुल 8 मानक निर्धारित किए गए थे। जिसमें संस्थान में गत दो वर्षों का दाखिला प्रतिशता, गत दो वर्षों के महिला प्रशिक्षणार्थियों का दाखिला



प्रतिशता, नए युग अनुसार व्यवसायों का संचालन, गत दो वर्षों में पास प्रतिशता, गत दो वर्षों में कम्प्युटर आधारित परीक्षा में परिक्षार्थियों का भाग लेना, गत वष में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राप्त अंको का औसत प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति डयूअल सिस्टम ऑफ ट्रैनिंग के अन्तर्गत दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता, संस्थान में कुल दाखिल प्रशिक्षणार्थियों के प्रति एससी/एसटी/दिव्यांग दाखिल प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिशता शामिल थे। यह तीसरा मौका है जब राजकीय आईटीआई सढ़ौरा ने सभी मानकों में अंक हासिल करते हुए इतनी बड़ी उपलब्धी हासिल की है। हालांकि राजकीय आईटीआई सढ़ौरा को वर्ष 2018 में राष्ट्रीय स्तर की प्रथम फेस की ग्रेडिंग में 42 मानकों के आधार पर 5 में से 3.43 स्कोर प्राप्त हुए प्रदेश भर की सभी आईटीआईज के मध्य प्रथम स्थान प्राप्त किया था।



उपप्रधानाचार्या सतनाम कौर।

साथ ही देश भर की सभी राजकीय आईटीआईज के मध्य सातवां स्थान प्राप्त करते हुए देश की टॉप 10 आईटीआईज में दर्जा प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ था।

सतनाम कौर ने इस उपलब्धि के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाऐं दी और बताया कि यह उपलब्धि बड़ा गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में 15 व्यवसाय एनसीवीटी, प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार से सम्बद्ध है। इस संस्थान में प्रतिवर्ष सभी सीटों पर शतप्रतिशत दाखिला होता है। इस संस्थान का पिछले पांच वर्षों का परीक्षा परिणाम औसतन 92.5 प्रतिशत है तथा पिछले पांच वर्षों का प्लेसमेंट व रोजगार औसतन लगभग 70 प्रतिशत है। संस्थान की इस ग्रेडिंग संबंधी विशेष उपलब्धि व संस्थान की निरन्तर सभी प्राप्त उपलब्धियों का श्रैय इस संस्थान के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों को जाता है। जिनकी कड़ी मेहनत ने इस संस्थान की छवी को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 सम्पन्न, सढ़ौरा के अनुदेशकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान

निहाल दैनिक समाचार
30 जुलाई 2025
नितिन सिंघला

कुरुक्षेत्र। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा दिनांक 23 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक 'इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम-2025' का भव्य आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद् भगवद्गीता सदन सभागार में किया गया। कार्यक्रम की थीम ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत, विविधता में एकता का महाकुंभ÷ थी, जिसमें देशभर के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए लगभग 600 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन और प्रतिभागी सम्मान समारोह का आयोजन 25 जुलाई को किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार के माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर



युवा अधिकारिता विभाग के मंत्री गौरव गौतम, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जे.एस. नैन, वरिष्ठ भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन, निदेशक कैप्टन मनोज कुमार, अतिरिक्त निदेशक राजकुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सढ़ौरा के अनुदेशक इरफान, कुलविन्द्र सिंह, रघुबीर सिंह (डीईओ) तथा पंकज सैनी को कार्यक्रम के सफल संचालन और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें माननीय मुख्यमंत्री महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान चिन्ह प्रदान कर दिया गया। यह उपलब्धि आईटीआई सढ़ौरा के लिए गौरव का विषय है। संस्थान की उप-प्रधानाचार्या सतनाम कौर ने सभी सम्मानित कार्मिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान ने संस्थान की छवि को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है और अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत का कार्य किया है।

# Inter-state youth exchange program organised by Department of Youth Empowerment and Entrepreneurship



**PREETI SAINI**
**SADHAURA:** The Department of Youth Empowerment and Entrepreneurship, Haryana organized the 'Inter State Youth Exchange Program-2025' from July 23 to 25 in the Srimad Bhagwadgita Sadan, Auditorium in the premises of Kurukshetra University, Kurukshetra. This program was based on the theme of "Ek Bharat-Shreshtha Bharat, Maha Kumbh of Unity in Diversity". In which about 600 young participants from 23 states and union territories from all over India have participated. The participant felicitation and closing ceremony of the program was held on July 25 at Kurukshetra University, Kurukshetra. During this, under the committee constituted by the Directorate, Irfan, Instructor, Kulwinder Singh, Instructor, Raghubir Singh, DEO and Pankaj Saini of Government Industrial Training Institute, Sadhaura were honored by presenting them with mementoes for their excellent services rendered during their duty at the time of closing ceremony of the program in the dignified presence of the Chief Minister who was the Chief Guest.

# आईटीआई में 11 से मौके पर लिया जाएगा प्रवेश



सतनाम कौर।




साढौरा आईटीआई का भवन।

साढौरा। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों के अनुसार आईटीआई में दाखिले के लिए 11 अगस्त से पंजीकरण पोर्टल खोला जाएगा। उप प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों में 11 से 22 अगस्त तक मौके पर दाखिले किए जाएंगे।

ये दाखिले प्रतिदिन पुराने व नए आवेदन पत्रों की संयुक्त मेरिट के आधार पर होंगे। सभी योग्य उम्मीदवार विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध सत्र 2025-26 के दाखिला लिंक के माध्यम से 11 से आवेदन कर सकते हैं। लगभग 520 सीटों के प्रति विभिन्न व्यवसायों में दाखिला किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में लगभग 300 सीटों पर दाखिला हो चुका है। विभाग की ओर से जनरल, बीसी उम्मीदवारों के लिए 100 रुपये, एससी/ईडब्ल्यूसी उम्मीदवारों के लिए 50 रुपये आवेदन शुल्क राशि निर्धारित की गई है। सभी महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन का कोई शुल्क नहीं है। आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास शैक्षणिक प्रमाणपत्र, चालू मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, हरियाणा स्थायी प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर इत्यादि होना अनिवार्य हैं। संवाद

# आइटीआइ में दाखिला के लिए 11 अगस्त से खुलेगा पंजीकरण पोर्टल : सतनाम कौर

- 12 से 22 अगस्त तक किए जाएंगे आन द स्पाट दाखिले
- संस्थान में लगभग 300 सीटों पर हो चुका छात्रों का दाखिला

संवाद सहयोगी, जागरण. • साढौरा : कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों के अनुसार आइटीआइ में दाखिला के लिए 11 अगस्त से पंजीकरण पोर्टल खोला जाएगा। उप-प्राचार्या सतनाम कौर ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए आइटीआइ में विभिन्न व्यवसायों में 12 से 22 अगस्त तक आन द स्पाट दाखिले किए जाएंगे। यह दाखिला प्रतिदिन पुराने व नए आवेदन पत्रों के आधार पर संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा। सभी योग्य उम्मीदवार विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध सत्र 2025-26 के दाखिला लिंक के माध्यम से दिनांक 11 अगस्त से आवेदन



उप प्राचार्या सतनाम कौर • जागरण

कर सकते हैं। सत्र 2025-26 में आइटीआइ में लगभग 520 सीटों के प्रति विभिन्न व्यवसायों में दाखिला किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में लगभग 300 सीटों पर दाखिला हो चुका है। आन द स्पाट दाखिलों को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए सभी प्रकार के इंतजाम कर लिए गए हैं। प्रतिदिन खाली सीटों के प्रति मैरिट के आधार पर दाखिला किया जाएगा। दाखिला आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास शैक्षणिक प्रमाण पत्र, चालू मोबाइल नंबर, ई-मेल आइडी, परिवार पहचानपत्र, आधार कार्ड, हरियाणा स्थायी प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण-पत्र, नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

# आईटीआई में दाखिला के लिए 11 से खुलेगा पंजीकरण पोर्टल



**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशों के अनुसार आईटीआई में दाखिला के लिए 11 अगस्त से पंजीकरण पोर्टल खोला जाएगा। उप–प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि सत्र 2025–26 हेतू आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों में 12 से 22 अगस्त तक ऑन द स्पॉट दाखिले किए जाएंगे। यह दाखिला प्रतिदिन पुराने व नये आवेदन पत्रों के आधार पर संयुक्त मैरिट के आधर पर किया जायेगा। सभी योग्य उम्मीदवार विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध सत्र 2025–26 के दाखिला लिंक के माध्यम से दिनांक 11 अगस्त से आवेदन कर सकते हैं। सत्र 2025–26 में आईटीआई में लगभग 520 सीटों के प्रति विभिन्न व्यवसायों में दाखिला किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में लगभग 300 सीटों पर दाखिला हो चुका है। विभाग द्वारा जनरल/बी0सी0 उम्मीदवारों के लिये 100 रूपये, एससी/ईडब्ल्यूसी उम्मीदवारों के लिये 50 रूपये आवेदन शुल्क राशि निर्धारित की गई है तथा सभी महिला उम्मीदवारों के लिये आवेदन का कोई शुल्क नहीं है। दाखिला आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास शैक्षणिक प्रमाण पत्र, चालू मोबाईल नं0, ई–मेल आईडी, परिवार पहचान–प़त्र, आधार कार्ड, हरियाणा स्थायी प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर इत्यादि होना अनिवार्य है।

# आईटीआई में दाखिला के लिए 11 अगस्त से खुलेगा पंजीकरण पोर्टल

**कुलदीप कुमार**




**साढौरा।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेर्शों के अनुसार आईटीआई में दाखिला के लिए 11 अगस्त से पंजीकरण पोर्टल खोला जाएगा। उप-प्रधानाचार्य सतनाम कौर ने बताया कि सत्र 2025-26 हेतू आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों में 12 से 22 अगस्त तक ऑन द स्पॉट दाखिले किए जाएंगे। यह दाखिला प्रतिदिन पुराने व नये आवेदन पत्रों के आधार पर संयुक्त मैरिट के आधर पर किया जायेगा। सभी योग्य उम्मीदवार विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध सत्र 2025-26 के दाखिला लिंक के माध्यम से दिनांक 11 अगस्त से आवेदन कर सकते हैं। सत्र 2025-26 में आईटीआई में लगभग 520 सीटों के प्रति विभिन्न व्यवसायों में दाखिला किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में लगभग 300 सीटों पर दाखिला हो चुका है। ऑन द स्पॉट दाखिलों को सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतू सभी प्रकार के इंतजाम कर लिये गये हैं और प्रतिदिन खाली सीटों के प्रति मैरिट के आधार पर दाखिला किया जायेगा। विभाग द्वारा जनरल/बी0सी0 उम्मीदवारों के लिये 100 रुपए, एससी/ईडब्ल्यूसी उम्मीदवारों के लिये 50 रुपए आवेदन शुल्क राशि निर्धारित की गई है तथा सभी महिला उम्मीदवारों के लिये आवेदन का कोई शुल्क नहीं है। दाखिला आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास शैक्षणिक प्रमाण पत्र, चालू मोबाईल नं0, ई-मेल आईडी, परिवार पहचान-पत्र, आधार कार्ड, हरियाणा स्थायी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर इत्यादि होना अनिवार्य है।



# आईटीआई में 17 को जिला स्तरीय रोजगार मेला

**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)**। क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में 17 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। प्रिंसिपल सतनाम कौर ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय अप्रैंटिशिप योजना के तहत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में जिला की आईटीआई से पिछले वर्षों में पासआउट ट्रेनीज को अप्रैंटिशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। इस दौरान लगभग 25 औद्योगिक प्रतिष्ठान रोजगार के लिए चयन करेंगे। रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन करने हेतू संस्थान द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र-छात्राएं रोजगार मेले में भाग ले सकते है। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए हेल्प डैस्क स्थापित किया गया है।

# आईटीआई में 17 को जिला स्तरीय रोजगार मेला

साढौरा।क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में 17 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। प्रिंसिपल सतनाम कौर ने बताया कि पीएम राष्ट्रीय अप्रैंटिशिप योजना के तहत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में जिला की आईटीआई से पिछले वर्षों में पासआउट ट्रेनीज को अप्रैंटिशिप या रोजगार प्रदान किया जायेगा। इस दौरान लगभग 25 औद्योगिक प्रतिष्ठान रोजगार के लिए चयन करेंगे। रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन करने हेतू संस्थान द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसमें रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्र-छात्राएं रोजगार मेले में भाग ले सकते है। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए हेल्प डैस्क स्थापित किया गया है।